https://universitynews.in/

# ED-2324

M.A. (Previous) Examination, 2021

## HINDI

Paper - IV

## आधुनिक गद्य साहित्य

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 100

**नोट** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

**1.** निम्नलिखित गद्यांशो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 30

(क) 'कौन कहता है कि हम-तुम आदमी हैं। हममें आदमियत है कहीं? आदमी वह है, जिनके पास धन है, अख्तियार है, इलम है। हम लोग तो बैल हैं और जुतने के लिए पैदा हुए हैं। उस पर एक दूसरे को देख नहीं सकता। एका का नाम नहीं। एक किसान दूसरे के खेत पर न चढ़े तो कोई जागा कैसे करे, प्रेम तो संसार से उठ गया।'

***अथवा***



https://universitynews.in/

https://universitynews.in/



मानव कब दानव से भी दुर्दान्त, पशु से भी बर्बर और पत्थर से भी कठोर करुणा के लिए निरवकाश ह्रदय वाला हो जायेगा, नहीं जाना जा सकता। अतीत सुखों के लिए सोच क्यों, अनागत भविष्य के लिए भय क्यों और वर्तमान को मै अपने अनुकूल बना ही लूँगा फिर चिन्ता किस बात की?

(ख) सियाने यह भी कह गए हैं कि जो अतीत से सबक हासिल नहीं करता, वह वर्तमान में भी अन्धा और भविष्य में भी अन्धा बना रहता है, आप कहते हैं, मैं पीछे मुड़कर नहीं देखा करूँ, मुझे इस ब्याह में मिला क्या है? छोटी-सी थी जब मैं इसके घर ब्याह कर आई थी। घर में हानूश को कोई पूछता ही नहीं था। दुनिया में इज्जत भी उसी की होती है जिसका घरवाला कमाने वाला हो। वह सभी की पूँछ बना घूमता था और आज यह दिन आया तो इसकी हालत सुधरने के बजाय और भी नीचे गिरती गई हैं।

***अथवा***

भूमा का सुग और उसकी महत्ता का जिसको आभासमात्र हो जाता है, उसको ये नश्वर चमकीले प्रदर्शन नहीं अभिभूत कर सकते, दूत! वह किसी बलवान की इच्छा का क्रीड़ा-कन्दुक नहीं बन सकता।



https://universitynews.in/

https://universitynews.in/



(ग) उनकी निर्जीव, निराश आहत आत्मा सांत्वना के लिए विकल हो रही थी, सच्ची स्नेह में डूबी हुई सांत्वना के लिए-उस रोगी की भाँति, जो जीवन-सूत्र क्षीण हो जाने पर भी वैद्य के मुख की ओर आशा-भरी आँखो से ताक रहा हो।

***अथवा***

''उसके सारे शरीर से स्वच्छ, कांति प्रवाहित हो रही थी। अत्यन्त धवल प्रभा-पुँज से उसका शरीर एक प्रकार से ढँका हुआ सा ही जान पड़ता था, मानो वह स्फटिक-गृह में आबद्ध हो, या दुग्ध-सलिल से निमग्न हो, या विमलन चीनांशुक से समावृत्त हो या दर्पण में प्रतिबिम्बित हो, या शरद-कालीन मेघपुँज में अन्तरित चन्द्र-कला हो। उसकी धवल कांति दर्शक के नयन-मार्ग से हृदय में प्रविष्ट होकर समस्त कलुषित को धवलित कर देती थी, मानो स्वर्ग मन्दाकिनी की धवल धारा समस्त कलुष-कालिमा का प्रक्षालन कर रही हो। मेरे मन में बार-बार यह प्रश्न उठता रहा कि इतनी पवित्र रुप-राशि किस प्रकार इस कलुषपूर्ण धरित्री में सम्भव हुई।''

**2.** ''होरी मानवता की आधार प्रतिमा है।'' इस कथन की विवेचना करते हुए होरी पात्र के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए। 15

***अथवा***



https://universitynews.in/

https://universitynews.in/



'चन्द्रगुप्त' नाटक के आधार पर प्रसाद की राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक चेतना को स्पष्ट कीजिए।

**3.** 'उसने कहा था' कहानी हिन्दी-साहित्य की सर्वश्रेष्ठ कहानी क्यों माना जाता है? विवेचना कीजिए। 15

***अथवा***

हिन्दी निबन्ध परम्परा का उल्लेख करते हुए आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की देन क्या है, इस विषय पर प्रकाश डालिए।

**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** के लघु उत्तर लिखिए : 20

(*i*) उपेन्द्रनाथ अश्क के कृतित्व पर प्रकाश डालिए।

(*ii*) निबंधकार के रुप में सरदार पूर्णसिंह के योगदान पर प्रकाश डालिए।

(*iii*) डॉ० रामकुमार वर्मा के साहित्यिक अवदान को रेखांकित कीजिए।

(*iv*) हानूश नाटक के माध्यम से भीष्म साहनी ने सामाजिक और राजनैतिक विसंगतियों पर तीखा प्रहार किया है। बताईए।

(*v*) हरिवंशराय बच्चन के जीवन परिचय एवं भाषा शैली पर प्रकाश डालिए।



https://universitynews.in/

https://universitynews.in/



(*vi*) उपन्यास कला की दृष्टि से यशपाल पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

(*vii*) रांगेय राघव की साहित्यिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(*viii*) फणीश्वरनाथ रेणु की आंचलिकता पर टिप्पणी लिखिए।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं **बीस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 20

(*i*) 'भारत दुर्दशा' किसकी रचना है?

(*ii*) हरिवंशराय बच्चन की किसी एक रचना का नाम लिखिए।

(*iii*) 'तमस' उपन्यास को साहित्य के कौन-से पुरस्कार से नवाजा गया?

(*iv*) 'आवारा मसीहा' के रचयिता का नाम बताइए।

(*v*) राहुल सांस्कृत्यायन का वास्तविक नाम क्या है?

(*vi*) उपन्यास के कितने तत्व होते हैं?

(*vii*) 'छोटे-छोटे ताजमहल' किसकी लिखित रचना है?



https://universitynews.in/

https://universitynews.in/



(*viii*) डॉ० रामकुमार वर्मा किस विधा के रचनाकार है ?

(*ix*) 'पुरस्कार' कहानी का मुख्य उद्देश्य लिखिए।

(*x*) 'मक्रील' कहानी के रचनाकार का नाम लिखिए।

(*xi*) जयशंकर प्रसाद के दो नाटको के नाम बताइए।

(*xii*) महादेवी वर्मा द्वारा लिखित एक संस्मरण का नाम बताइए।

(*xiii*) गोदान के नारी पात्र का नाम बताइए।

(*xiv*) 'वापसी' कहानी के प्रमुख पात्र कौन हैं ?

(*xv*) मगध के सम्राट नन्द की पुत्री का नाम बताइए।

(*xvi*) कहानी सुजान भगत किस परिवेश को दर्शाती है ?

(*xvii*) चन्द्रगुप्त के किसी एक विदेशी पात्र का नाम लिखिए।

(*xviii*) 'कलम का सिपाही' किसकी रचना है ?

(*xix*) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी की प्रसिद्ध कहानी का नाम बताइए।



https://universitynews.in/

https://universitynews.in/



(*xx*) 'पुरस्कार' कहानी की नायिका का नाम लिखिए।

(*xxi*) विद्या निवास मिश्र के एक निबंध का नाम लिखिए।

---

https://universitynews.in



https://universitynews.in/